रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इंदौर
उप निरीक्षक (विसबल) बुनियादी प्रशिक्षण

ज्वाईनिंग निर्देश -

(1) परिचय -रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय मरीमाता चौराहा के समीप इंदौर के पश्चिम क्षेत्र के महेश गार्ड लाईन में स्थित है । यह महाविद्यालय रेलवे, बस स्टैण्ड से 05 किलो मीटर की दूरी पर स्थित है । संस्था का प्रशासनिक कार्यालय बिजासन रोड़ पर है ।

महाविद्यालय से संबंधित समस्त पत्र व्यवहार कमाण्डेंट, रूस्तमजी सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय बिजासन रोड़ इन्दौर म.प्र. पिन कोड नम्बर-452005 पर किया जावे । अन्य सम्पर्क सूत्र के लिये महाविद्यालय के निम्न नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है ।

1. 0731-2419771 - प्रशानिक भवन
2. 0731-2419771 - फैक्स क्रमांक
3. 0731-2419310 - प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय

(2) प्रशिक्षण के लिये रिपोर्टिंग एवं आमद - प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रारम्भ होने के एक दिवस पूर्व संस्था में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति स्वयं आकर देनी होगी ।

(3) आवास व्यवस्था-प्रशिक्षणार्थियों की आवास व्यवस्था प्रशिक्षण महाविद्यालय के होस्टलों में की जावेगी । उक्त होस्टल में फर्नीचर, बिजली, पानी इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है । सभी प्रशिक्षणार्थियों को अनिवार्य रूप से होस्टल में रहना होगा ।

कैडेट्स अनावश्यक पैसा एवं कीमती वस्तु अपने साथ नहीं रखेगे । प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार का नशा नहीं किया जावेगा ।

प्रशिक्षण क्षेत्र में मनोरंजन कक्ष की व्यवस्था है जिसमें टी.व्ही. एवं अन्य मनोरंजन सुविधा उपलब्ध है । संस्था में शॉपिंग सेन्टर की भी व्यवस्था है जहॉ रोजाना उपयोग में आने वाली आवश्यक वस्तुऐं उपलब्ध है । शॉपिंग सेन्टर से भुगतान पर ही सामग्री प्रदाय की जायेगी ।

(4) भोजन व्यवस्था -प्रशिक्षणार्थियों को अनिवार्य रूप से मैस में ही भोजन करना होगा । मैस से बाहर खाना खाने की अनुमति नहीं दी जावेगी ।

(5) क्लोदिंग एवं साज सज्जा - निजी कपड़ों के अतिरिक्त प्रशिक्षणार्थियों को निम्न सामग्री साथ में लाना अनिवार्य है -

क्र0	विवरण	तादाद
01	सफेद लोव्हर पीटी एवं खेल के लिये	02 नग
02	सफेद टीशर्ट कॉलर वाली	02 नग
03	फुल पेन्ट सफेद (18 इंच मोरी)	02 नग
04	सफेद शर्ट फुल आस्तिन टाई कॉलर	02 नग
05	टॉवेल	01 नग
06	कम्बल	01 नग
07	स्पोर्ट्स शू व्हाईट	01 जोड़ी

08	ब्लैक शू लेदर	01 जोड़ी
09	मोजा सफेद	04 जोड़ी
10	मोजा खाकी सूती	04 जोड़ी
11	मच्छरदानी सफेद	01 नग
12	व्ही नेक बनियान सफेद	02 नग
13	सफेद चादर	02 नग

(6) वेतन एवं भत्ते –प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी वेतन/अन्य भत्तों के आहरण के लिये अपना एटीएम कार्ड साथ में लायेगा जिससे उसे मैस कटिंग एवं संस्था के अन्य देयक देने में असुविधा न हो ।

प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को अपने साथ धनराशि लाना अनिवार्य है –

1. पुस्तको के लिये - रू0 2000/-
2. क्लोदिंग आदि के लिये - रू0 8000/-
3. मैस अग्रिम - रू0 9000/-
4. हॉस्टल चार्ज अग्रिम - रू0 6000/-

कुलयोग - रू0 25000/- (रूपये पच्चीस हजार)

नोट – प्रशिक्षण समाप्ति उपरान्त क्लोदिंग, क्रय सामग्री एवं भोजन राशि पर व्यय भुगतान राशि उपरान्त शेष राशि प्रशिक्षणार्थियों को वापस कर दी जायेगी ।

(7) अवकाश सुविधा –प्रशिक्षणार्थी अपने सभी व्यक्तिगत दायित्व पूर्ण कर आमद दे । प्रशिक्षण के दौरान विशिष्ट परिस्थितियों को छोड़कर प्रशिक्षणार्थी को कोई अवकाश नहीं दिया जावेगा ।

(8) अनुशासन –प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण महाविद्यालय के नियमों को भली भॉति पालन करना होगा । नशीली वस्तुओं का सेवन सर्वथा वर्जित है । प्रशिक्षण के दौरान निर्धारित वेशभूषा में रहना अनिवार्य है । किसी भी प्रशिक्षणार्थी को बिना अनुमति के महाविद्यालय परिसर के बाहर नहीं जाने दिया जायेगा । किसी प्रकार का आर्थिक प्रलोभन एवं राजनैतिक दवाब अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना जाकर त्रुटिकर्ता के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही की जावेगी ।